ओ. एस. डी. ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल

सामयिक परीक्षा (नवंबर, 2024)

कक्षा : नौंवी

विषय: हिंदी

Set A

समय: 1 घंटा 10 मिनट | कुलांक: 30

सामान्य निर्देश: सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

| | (व्यावहारिक व्याकरण) | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए:-<br>(1) 'अनुशासन' शब्द में उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए।<br>(2) 'दयालु' शब्द में प्रत्यय एवं मूल शब्द अलग कीजिए। | 2 |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-<br>(1) 'यशप्राप्त' - विग्रह करके समास का नाम बताइए।<br>(2) 'नील है कमल'- समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। | 2 |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में अलंकार का नाम बताइए:-<br>(1) सुरभित सुंदर सुखद सुमन तुझ पर मिलते हैं।<br>(2) गिरा अनल जब भूमि पर ,अनल बुझा पल में। | 2 |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए।<br>1. ईश्वर करे ,तुम हर कार्य में सफलता प्राप्त करो।<br>2. वह घर लौट कर आया और सो गया। | 2 |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-<br>मेघ आए बड़े बन-ठन कर संवर के,<br>आगे आगे नाचती गाती बयार चली ,<br>दरवाजे खिड़कियाँ खुलने लगी गली-गली ,<br>पाहुन ज्यों आए हो गाँव के शहर में ,<br>मेघ आए बड़े बन-ठन के संवर के।<br>1. गाँव में कौन आया था?<br>क) हवा। ख) मेघ रूपी दामाद ग) सुंदर स्त्री घ) सुंदर गाड़ी<br>2. गाँव में बादलों का कैसे स्वागत होता है?<br>क) दुश्मन जैसा ख) मेहमान जैसा ग) दोस्त जैसा घ) पड़ोसी जैसा<br>3. हवा किसका प्रतीक है ?<br>क) लड़की का ख) बुजुर्ग का ग) सदस्य का। घ) प्रियतमा का<br>4. पाहुन शब्द क्या अर्थ है ?<br>क) पत्थर ख) पत्ते ग) मेहमान घ) पहाड़ | 4 |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-<br>फोटो ही खिंचाना था तो ठीक जूते पहन लेते, या न खिंचाते। फोटो न खिंचाने से क्या बिगड़ता था। शायद पत्नी का आग्रह रहा हो और तुम, 'अच्छा, चल भई' कहकर बैठ गए होगे। मगर यह कितनी बड़ी 'ट्रेजड़ी' है कि आदमी के पास फोटो खिंचाने को भी जूता न हो। मैं तुम्हारी यह फोटो देखते-देखते, तुम्हारे क्लेश को अपने भीतर | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | महसूस करके जैसे रो पड़ना चाहता हूँ, मगर तुम्हारी आँखों का यह तीखा दर्द भरा व्यंग्य मुझे एकदम रोक देता है।<br>1. लेखक के अनुसार प्रेमचंद ने फोटो किसके आग्रह पर खिंचवाई होगी?<br>क) बेटी के ख) बेटे के। ग) पत्नी के। घ) लेखक के<br>2. लेखक के अनुसार प्रेमचंद के जीवन संबंधी कौन सी ट्रेजेडी है?<br>क) उनके पास पहनने के लिए बहुत सारे जूते थे ख) उन्हें फोटो खिंचवाने का चाव नहीं था<br>ग) उनके पास फोटो खिंचवाने के लिए जूता नहीं था घ) उन्हें फोटो के प्रति लगाव नहीं था<br>3. निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सही विकल्प छाँटिए -<br>(A) प्रेमचंद जी के पास पहनने के लिए बहुत जूते थे ।<br>(R) प्रेमचंद जी दिखावे की प्रवृत्ति में विश्वास नहीं रखते थे।<br>क) ए सही है और आर गलत है ख) ए गलत है और आर सही है<br>ग) ए और आर दोनों सही हैं। घ) ए और आर दोनों गलत है<br>4. प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन है?<br>क) प्रेमचंद जी। ख) हरिशंकर परसाई जी<br>ग) सुमित्रानंदन पंत जी। घ) सालिम अली जी | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-<br>1. किस घटना ने सालिम अली को पक्षी प्रेमी बना दिया?<br>2. सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाय अथाह सागर बनकर उभरे थे। इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करे ?<br>3. किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों?<br>4. गाँव को मरकत डिब्बे सा खुला क्यों कहा गया है?<br>5. कोयल की कूक सुनकर कवि की क्या प्रतिक्रिया थी? | 2 × 5 |
| प्रश्न 8 | बरसात के दिनों में जल भराव के कारण होने वाले कठिनाइयों को दूर करने के लिए नगर निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>अपनी आर्थिक कठिनाइयों का वर्णन करते हुए प्रधानाचार्या जी को छात्रवृत्ति लेने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। | 4 |

ओ. एस. डी. ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल

सामयिक परीक्षा (नवंबर, 2024)

कक्षा : नौंवी

विषय: हिंदी

Set B

समय: 1 घंटा 10 मिनट | कुलांक: 30

सामान्य निर्देश: सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

| | (व्यावहारिक व्याकरण) | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए:-<br>(1) 'अनुदार' शब्द में उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए।<br>(2) 'कृपालु' शब्द में प्रत्यय एवं मूल शब्द अलग कीजिए। | 2 |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-<br>(1) 'स्वर्गगत' - विग्रह करके समास का नाम बताइए।<br>(2) 'प्राणों के समान प्रिय'- समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। | 2 |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में अलंकार का नाम बताइए:-<br>(1) सुरभित सुंदर सुखद सुमन तुझ पर मिलते हैं।<br>(2) कहीं कवि बेनी बेनी व्याल की चुराई लेनी । | 2 |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए।<br>1. तुम्हारी यात्रा मंगलमय हो।<br>2. यदि तुम मेरे घर आते तो मैं तुम्हें अपनी नई साइकिल दिखाता। | 2 |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-<br>फैली खेतों में दूर तलक ,मखमल की कोमल हरियाली,<br>लिपटी जिससे रवि की किरणें ,चाँदी की सी उजली जाली !<br>तिनकों के हरे हरे तन पर ,हिल हरित रुधिर है रहा झलक,<br>श्यामल भू तल पर झुका हुआ ,नभ का चिर निर्मल नील फलक !<br>1. खेतों में फैली हरियाली की तुलना किस की गई है<br>क) चाँदी से ख) कोमल मखमल से ग) रवि से घ) सुंदर जाली से<br>2. तिनकों के हरे हरे तन पर क्या झलकता प्रतीत हो रहा है ?<br>क) ओस की बूँदे ख) सूर्य की किरणें ग) हरा रुधिर घ) नीला आसमान<br>3. सूर्य की किरणों की तुलना कवि ने किस की है ?<br>क) चाँदी की जाली से ख) सोने की तारों से ग) रेत की चमक से घ) पानी के चमक से<br>4. प्रस्तुत पद्यांश के कवि का नाम बताइए ?<br>क) सुमित्रानंदन पंत ख) माखनलाल चतुर्वेदी ग) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना घ) प्रेमचंद जी | 4 |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-<br>तुम फोटो का महत्त्व नहीं समझते। समझते होते, तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते माँग लेते। लोग तो माँगे के कोट से वर-दिखाई करते हैं। और माँगे की मोटर से बारात निकालते हैं। फोटो खिंचाने के लिए तो बीवी तक माँग ती जाती है, तुमसे जूते ही माँगते नहीं बने! तुम फोटो का महत्त्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचाते हैं जिससे फोटो में खुशबू आ जाए। गदे-से-गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है! | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | 1.प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार कौन फोटो का महत्व नहीं समझता?<br>क) लेखक ख) प्रेमचंद जी ग) लेखक की पत्नी घ) प्रेमचंद जी की पत्नी<br>2. लोग फोटो खिंचवाने के लिए क्या-क्या माँगते हैं?<br>क) मोटर और जूते ख) बीवी ग) कोट घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही<br>3. गंदे से गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है इस कथन को पढ़कर सही विकल्प छाँटिए<br>(क) गंदे आदमी भी बन-ठन कर फोटो खिंचवाते हैं ताकि वह फोटो में सुंदर लगे।<br>ख) इत्र चुपड़कर फोटो खींचने से फोटो में खुशबू आ जाती है।<br>ग) फोटो के लिए इत्र लगाना जरूरी होता है ।<br>घ) गंदे आदमी की बदबू खुशबू में बदल जाती है।<br>4. फोटो खिंचवाने के लिए वस्तुएँ मांगने के प्रसंग के माध्यम से लेखक ने समाज की किस विशेषता पर व्यंग्य किया है?<br>क) ईमानदारी की ख) यथार्थवादी होने की। ग) उदारता की । घ) दिखावे की | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-<br>1. हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है?<br>2. सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाय अथाह सागर बनकर उभरे थे। इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करे ?<br>3. कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?<br>4. गाँव को मरकत डिब्बे सा खुला क्यों कहा गया है?<br>5. कवि ने पीपल को बड़ा बुजुर्ग क्यों कहा है? | 2×5 |
| प्रश्न 8 | बरसात के दिनों में जल भराव के कारण उत्पन्न होने वाले बीमारियों का वर्णन करते हुए नगर निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>अपने प्रधानाचार्या को एक प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें कई महीने से अंग्रेजी की पढ़ाई न होने के कारण उत्पन्न कठिनाई का वर्णन किया गया हो। | 4 |

ओ. एस. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, कैथल

नवंबर परीक्षा 2024

विषय हिंदी

कक्षा **नौवीं**

निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

M.M: 30

| उत्तर. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1. | **1. उपसर्ग - अनु**<br>**मूल शब्द - शासन**<br>**2.मूल शब्द - दया**<br>**प्रत्यय - आलु** | 1×2=2 |
| 2. | **1.यश को प्राप्त - तत्पुरुष समास**<br>**2.नीलकमल - कर्मधारय समास** | 1×2=2 |
| 3. | **1.अनुप्रास अलंकार**<br>2. **यमक अलंकार** | 1×2=2 |
| 4. | **1.इच्छावाचक**<br>2.**विधानवाचक** | 1×2=2 |
| 5. | **1.ख) मेघ रूपी दामाद**<br>2.**ख) मेहमान जैसा**<br>3.**क) लड़की का**<br>4.**ग) मेहमान** | 1×4=4 |
| 6 | **1.ग) पत्नी के**<br>2.**ग) उनके पास फोटो खिंचवाने के लिए जूता नहीं था**<br>3.**ख) ए गलत है और आर सही है**<br>4.**ख) हरिशंकर परसाई जी** | 1×4=4 |
| 7. | **1.एक बार बचपन में सालिम अली की एयरगन से एक गौरैया पक्षी घायल होकर गिर गई। इस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया। वे गौरैया की देख-भाल, सुरक्षा और खोजबीन में जुट गए। उसके बाद उनकी रुचि पूरी तरह से पक्षी संसार की ओर मुड़ गई और वे पक्षी प्रेमी बन गए।**<br>2.**सालिम अली प्रकृति की दुनिया में नई-नई जानकारी प्राप्त करते रहते थे। वे कभी अपने जीवन में रुके नहीं बल्कि प्रकृति और पक्षियों की असीमित जानकारी हासिल करने में लगे** | 2×5==10 |

| | | |
|---|---|---|
| | रहे। इस प्रकार प्रकृति के प्रति उनका ज्ञान टापू की तरह न होकर सागर की तरह दूर-दूर तक फैला हुआ था ।<br>3.कवि ने पराधीन भारत में अंग्तेजी शासन की तुलना  तम के प्रभाव से की है क्योंकि अंग्तेजी शासन- ने भारत वासियों पर अनेक अत्याचार किए तथा उनका शोषण किया जिससे भारत वासियों के हृदय में निराशा का अंधकार छा गया। जैसे मनुष्य को तम में कुछ भी दिखाई नहीं देता वैसे ही अंग्रेजी शासन के डर और अन्याय से भारतीयों को अपना जीवन अंधकार मय लग रहा था।<br>4.गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' इसलिए कहा गया है क्योंकि इस मौसम में गाँव हरा-भरा दिखाई देता है। गाँव के खेतों में तथा पेड़-पौधों पर हरियाली दिखाई देती है। गाँव में चारों ओर फैली हुई हरियाली को देखकर ऐसा लगता है जैसे मरक्त डिब्बा खुल गया हो क्योंकि मरकत के डिब्बे को खोलने से भी चारों तरफ हरा रंग दिखाई देने लगता है।<br>5. आधी रात में कोयल की कूक सुनकर कवि को ऐसा लगा जैसे कोयल कुछ संदेश देना चाहती है। शायद कोयल ने क्रांति की कहीं पर लपटे उठती देख लीं हैं जिसका संदेश वह दूसरों को देना चाहती है। | |
| 8. | **पत्र लेखन**<br>• प्रारूप<br>• विषय वस्तु | 4<br>1.5<br>2.5 |

ओ. एस. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, कैथल

नवंबर परीक्षा 2024

विषय हिंदी

कक्षा **नौवीं B**

निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

M.M: 30

| उत्तर. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1. | **1. उपसर्ग - अन्**<br>**मूल शब्द - उदार**<br>**2.मूल शब्द - कृपा**<br>**प्रत्यय - आलु** | 1×2=2 |
| 2. | **1.स्वर्ग को गत - तत्पुरुष समास**<br>**2.प्राणप्रिय - कर्मधारय समास** | 1×2=2 |
| 3. | **1.अनुप्रास अलंकार**<br>2. **यमक अलंकार** | 1×2=2 |
| 4. | **1.इच्छावाचक**<br>2.**शर्तवाचक** | 1×2=2 |
| 5. | **1.ख) कोमल मखमल से**<br>2.**ग) हरा रुधिर**<br>3.**क) चाँदी की जाली से**<br>4.**क) सुमित्रानंदन पंत** | 1×4=4 |
| 6 | **1.ख) प्रेमचंद जी**<br>2.**घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही**<br>3.**क) गंदे आदमी भी बन ठन कर फोटो खिंचवाते हैं ताकि वह फोटो में सुंदर लगे**<br>4.**घ) दिखावे की** | 1×4=4 |
| 7. | **1.हथकड़ियों को गहना इसलिए कहा गया है क्योंकि कवि एक स्वतंत्रता सेनानी हैं। कवि ने देश की स्वतंत्रता के लिए आवाज़ उठाई है, और अपनी मातृभूमि की आज़ादी के लिए आवाज़ उठाना कोई अपराध नहीं है। हथकड़ियाँ हमेशा अपराधियों को पहनाई जाती हैं। इसलिए हथकड़ियाँ कवि के लिए बंधन न होकर गहना बन गई हैं। जिन्हें पहनकर उसकी शोभा बढ़ रही है।** | 2×5==10 |

| | | |
|---|---|---|
| | 2.सालिम अली प्रकृति की दुनिया में नई-नई जानकारी प्राप्त करते रहते थे । वे कभी अपने जीवन में रुके नहीं बल्कि प्रकृति और पक्षियों की असीमित जानकारी हासिल करने में लगे रहे। इस प्रकार प्रकृति के प्रति उनका ज्ञान टापू की तरह न होकर सागर की तरह दूर-दूर तक फैला हुआ था ।<br>3.कवि को कोयल से ईष्या इसलिए हो रही है क्योंकि कोयल स्वतंत्र है। वह आकाश में उड़ सकती है जबकि कवि दस फुट की कोठरी में बंद है। कोयल को पेड़ों को हरी-भरी डालियाँ / शाखाएं मिली है और वह वहाँ अपना बसेरा कर सकती है परंतु कवि काल - कोठरी में बंद है। कोयल के गीतों को सुनकर लोग प्रसन्न होते हैं जबकि कवि के लिए रोना भी अपराध माना जाता है। इस प्रकार की असमानताएँ देखकर कवि को कोयल से ईर्ष्या होती है।<br>4.गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' इसलिए कहा गया है क्योंकि इस मौसम में गाँव हरा-भरा दिखाई देता है। गाँव के खेतों में तथा पेड़-पौधों पर हरियाली दिखाई देती है। गाँव में चारों ओर फैली हुई हरियाली को देखकर ऐसा लगता है जैसे मरक्त डिब्बा खुल गया हो क्योंकि मरकत के डिब्बे को खोलने से भी चारों तरफ हरा रंग दिखाई देने लगता है।<br>5. कवि ने पीपल को बड़ा बुजुर्ग इसलिए कहा  है क्योंकि पीपल का पेड आकार में बहुत बड़ा तथा दूर तक फैला हुआ पुराना पेड़ होता है। वह साफ हवा देने के साथ साथ कल्याणकारी भी होता है। उसी प्रकार घर के बड़े बुजुर्ग भी सबका भला चाहते हैं। तथा सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। | |
| 8. | **पत्र लेखन**<br>● प्रारूप<br>● विषय वस्तु | 4<br>1.5<br>2.5 |